समस्या पीएम आवास के लिए कलेक्टर से लगाई गुहार

# जर्जर कच्चे मकानों में रहने को मजबूर महिलाएं



**नवभारत,नरसिंहपुर,गोटेगांव।** जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत रीछा अंतर्गत ग्राम केवलारी निवासी महिलाओं ने मंगलवार को जनपद पंचायत में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर को आवेदन सौंपकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की।

आवेदन में महिलाओं ने बताया कि वे अत्यंत गरीब परिवार से हैं और मिट्टी के फूस वाले कच्चे मकानों में परिवार सहित निवास कर रही हैं। मकान पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण हालत में हैं और कभी भी गिर सकते हैं, जिससे परिवार के साथ किसी भी समय अनहोनी की आशंका बनी हुई है। पीड़ित महिलाओं का कहना है कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान स्वीकृत कराने के लिए कई बार ग्राम पंचायत रीछा के सरपंच-सचिव से संपर्क किया, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। महिलाओं ने कलेक्टर से आग्रह किया कि उनकी आर्थिक स्थिति एवं जर्जर मकानों की स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ अतिशीघ्र स्वीकृत किया जाए ताकि उनका परिवार सुरक्षित पक्के मकान में रह सके। बरसात के मौसम में कच्चे मकानों में रहना और भी खतरनाक हो जाता है।

## मरीजों से मिलने का समय निर्धारित, गेटपास व्यवस्था होगी

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर के चिकित्सालय के कायाकल्प, एनक्यूएएस, लक्ष्य मुस्कान एवं इंफेक्शन प्रवेंशन के गुणवत्ता मानकों के अनुरुप भर्ती मरीजों से मिलने के लिए नई व्यवस्था का संचालन 29 जून 2026 सोमवार से किया जाएगा। अब जिला चिकित्सालय में भर्ती प्रत्येक मरीज के परिजनों को एक गेटपास दिया जावेगा। उस गेट पास का उपयोग कर परिजन संबंधित मरीज से मिल सकते हैं। अब चिकित्सालय नरसिंहपुर में मरीज से मिलने का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक एवं शाम 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक रहेगा। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर ने बताया कि गेटपास व्यवस्था होने से चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को आराम करने के समय में वृद्धि होने से बीमारी से शीघ्र रिकवरी होगी। चिकित्सालय में अन्य भर्ती मरीजों को चिकित्सालीन संक्रमण फैलने से रोका जा सकेगा।

## संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव



**नवभारत,गाडरवारा।** समीपस्थ पलोहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिछुआ के पास एक गन्ने के खेत में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान छिंदवाड़ा जिले के निवासी लगभग 40 वर्षीय मोहन पिता नंदराम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह गाडरवारा-नरसिंहपुर मार्ग पर निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज परियोजना में मजदूरी का कार्य करने के लिए आया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस का कहना है कि युवक की मौत सर्पदंश के कारण हुई है। हालांकि शव जिस अवस्था में मिला और जिस स्थान पर बरामद हुआ, उसे लेकर स्थानीय लोगों के मन में कई सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मौत सांप के काटने से हुई है तो युवक गन्ने के खेत तक कैसे पहुंचा और उसके अन्य कपड़े कहां गए। शव केवल शर्ट और अंडरवियर में मिलने से भी लोगों के बीच संदेह की स्थिति बनी हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में जिले को मिली बड़ी सफलता

**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में जिले में सीएम हेल्पलाइन 181 के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। शासन स्तर से जारी माह मई 2026 की जिला रैंकिंग में नरसिंहपुर जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ए श्रेणी के जिलों में अपने समूह के 27 जिलों के बीच शीर्ष-10 में नरसिंहपुर जिले ने स्थान प्राप्त किया है। जारी रैंकिंग के अनुसार नरसिंहपुर जिले को मई माह में कुल 81.75 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए, जिसके आधार पर जिले ने प्रदेश स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। यह सफलता जिला प्रशासन द्वारा शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण पर दिए जा रहे विशेष फोकस का परिणाम है। मई 2026 के दौरान जिले में सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से कुल 8 हजार 667 शिकायतें प्राप्त हुईं। इन शिकायतों के निराकरण में विभागों द्वारा सक्रियता के साथ कार्य करते हुए जिले को 47.24 का संतुष्टि स्कोर भी प्राप्त हुआ।

## शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचेगा साइबर जागरूकता संदेश



**नवभारत,नरसिंहपुर।** पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार दिनांक 24 जून से 08 जुलाई 2026 तक प्रदेशव्यापी सेफ क्लिक-2.0 अभियान संचालित किया जा रहा है। साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला नरसिंहपुर में अभियान का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा साइबर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया। अभियान का उद्देश्य साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करना। साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट, यूपीआई फ्रॉड, फर्जी लिंक, ओटीपी धोखाधड़ी एवं सोशल मीडिया अपराधों से बचाव संबंधी जानकारी प्रदान करना। जन-जागरूकता के माध्यम से सुरक्षित एवं जागरूक डिजिटल समाज का निर्माण करना। जागरूकता गतिविधियां सेफ क्लिक-2.0 अभियान के तहत साइबर जागरूकता रथ को जिलेभर में भ्रमण हेतु रवाना किया गया। जागरूकता रथ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताएगा। आमजन, विद्यार्थियों, महिलाओं, व्यापारियों एवं विभिन्न वर्गों को साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी। साइबर हेल्पलाइन, ऑनलाइन सुरक्षा उपाय एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## नहीं मिला शहरी सुविधाओं का लाभ, रहवासी परेशान

**नवभारत,गाडरवारा।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 गांधी वार्ड में शामिल पतलोन क्षेत्र के रहवासियों को आज भी अपेक्षित शहरी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर क्षेत्र का हिस्सा होने के बावजूद विद्युत व्यवस्था के मामले में पतलोन को अब भी ग्रामीण क्षेत्र की तरह देखा जा रहा है, जिससे नागरिकों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों के अनुसार क्षेत्र में बिजली की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। लोगों का कहना है कि बिजली आने से अधिक समय कटौती में चला जाता है। मेंटेनेंस के नाम पर हर 15 दिन में 4 से 5 घंटे तक बिजली बंद रखी जाती है, वहीं सामान्य दिनों में भी 1 से 2 घंटे की अघोषित कटौती आम बात हो गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बार-बार बिजली गुल होने से घरेलू कार्य, विद्यार्थियों की पढ़ाई और छोटे व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं। गर्मी के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब लंबे समय तक बिजली न रहने से लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। रहवासियों ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि पतलोन क्षेत्र को पूर्ण रूप से शहरी सुविधाओं के दायरे में लाया जाए तथा विद्युत व्यवस्था में सुधार कर नियमित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। नागरिकों का कहना है कि मूलभूत सुविधाएं हर व्यक्ति का अधिकार हैं और इस दिशा में शीघ्र कार्यवाही की जानी चाहिए।

## गिरवी रखे कमर करधन में मिलावट का आरोप



**नवभारत,गोटेगांव।** थाना गोटेगांव अंतर्गत पुरा दफाई निवासी प्रीति वर्मन पति शंकर वर्मन उम्र 32 वर्ष ने थाना गोटेगांव में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके गिरवी रखे गए कमर करधन में मिलावट की गई है। प्रीति वर्मन ने थाना प्रभारी को दिए आवेदन में बताया कि उन्होंने करीब पांच वर्ष पहले अपना आधा किलो वजनी चांदी का कमर करधन बड्डा वर्मन के पास 4000 रुपये में गिरवी रखा था। दो वर्ष पूर्व रुपये देकर उन्होंने अपना करधन वापस ले लिया। शिकायतकर्ता के अनुसार कुछ दिन उपयोग करने के बाद उन्हें पता चला कि करधन में गिलट मिक्स है। जब उन्होंने इस संबंध में बड्डा वर्मन से बात की और रिपोर्ट करने की बात कही, तो आरोप है कि बड्डा वर्मन ने कहा, तुम्हें जो करना है कर लो, हम कहीं नहीं जाएंगे। पीड़िता ने थाना गोटेगांव पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है और आरोपी के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है।

### एक नजर में

## फूला बाई छिरा का देवलोक गमन

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस नगर के प्रतिष्ठित नागरिक समाज सेवी सी.एल छिरा की धर्मपत्नि एवं गांधी वार्ड पार्षद दीनू छिरा की पूज्य माता श्री फूलाबाई छिरा का लगभग 75 वर्ष की आयु में अस्वस्थता के चलते इलाज के दौरान अचानक हृदयगति रुक जाने की वजह से देवलोक गमन हो गया है,आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व की महिला थी, आपके देवलोक गमन का समाचार प्राप्त होतेही परिवारजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया,अंतिम संस्कार शव यात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनैतिक सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के जनप्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर मुक्तिधाम में दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थित जनों ने श्रीमति छिरा की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतृप्त परिवार जनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त कर शोकाकुल परिवार जनों को इस गहन दुख सहन करने हेतु परम पिता परमात्मा से प्रार्थना की।

## ठग ने 1 .64 लाख खाते से उड़ाए

**नवभारत, जबलपुर।** केंट थाना अंतर्गत सदर निवासी एक वृद्ध के खाते से साइबर ठग ने 1 लाख 64 हजार रूपए निकाल लिए। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को श्याम लाल रजक 55 वर्ष निवासी गली नम्बर 11 सदर केण्ट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दोपहर लगभग 3:30 बजे उसके मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल से उसके खाता से 49 हजार 999 रूपये निकलने का मैसेज आया। उसका खाता यूनियन बैंक ऑफइंडिया सदर में है वह बैंक जाने के लिये निकला बैंक जाते समय उसके खाते से लगातार चार बार में कुल 1 लाख 64 हजार 845 रूपये निकलने का मैसेज आया, बैंक में जाकर बताया तो बैंक खाता फ्रीज कर दिया इस प्रकार उसके खाते से अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा आनलाईन धोखधड़ी कर 1 लाख 64 हजार 845 रूपये निकाल लिये।

## 15 मिनट में लाखों के जेवरात और नगदी पार

**नवभारत, जबलपुर।** लार्डगंज थाना अंतर्गत पुष्पनगर कछपुरा में एक महिला सिर्फ 15 मिनट के लिए घर के दरवाजे पर बिना ताला लगाए सिर्फ कुंडी चढ़ाकर बाहर गई थी। इतने में शातिर चोर ने पलक झपकते ही घर के अंदर दाखिल होकर आलमारी का लॉकर तोड़ा और लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात सहित नगदी समेटकर रफूचक्कर हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, पुष्पनगर कछपुरा निवासी आरती दाहिया (42) यादव कॉलोनी में मकान का किराया देने गई थीं। घर से निकलते समय उन्होंने दरवाजे पर ताला नहीं लगाया था, सिर्फ कुंडी बंद की थी। करीब 15 मिनट बाद जब वह वापस लौटीं, तो कुंडी वैसी ही लगी मिली। अंदर जाने पर सामान भी व्यवस्थित था, जिससे उन्हें जरा भी शक नहीं हुआ। चोरी का खुलासा तब हुआ जब आरती के पति अजय दाहिया ने फोन कर कहा कि घर पर मिस्त्री आ रहा है, उसे पैसे दे देना। भुगतान करने के लिए आरती ने जैसे ही आलमारी खोली, उनके होश उड़ गए। आलमारी का मुख्य लॉक खुला हुआ था और अंदर का लॉकर बेरहमी से टूटा पड़ा था। पीड़िता ने जब लॉकर के अंदर देखा तो उसमें रखे सारे कीमती जेवरात और नगदी गायब थे। चोर ने नकद 50,000 रुपये सोने का एक हार, छह अंगूठियां, एक चेन, पांच बाले, और दो लोंग, चांदी की पायल और बिछिया पर हाथ साफ किया।

## नहीं रहीं विद्या देवी

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** नगर के प्रतिष्ठित विद्वान पंडित नगर पुरोहित सत्यनारायण चौबे की धर्मपत्नी विद्या देवी का गत दिवस असमय दुखद निधन हो गया जिन्हें नगर के सभी वर्गों के लोगों ने श्रंद्धाजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी। विद्या देवी रविकांत चौबे शशिकांत चौबे तथा सद्गुरु विद्या पीठ के संचालक पं चंद्रकांत चौबे की भावी एवं पं सूर्यकांत चौबे मनीष चौबे की बड़ी मां थीं।

## कलेक्टर ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, अभियानों एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर रजनी सिंह ने विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान एसईएम, एमईएम एवं एसयूएम श्रेणी के बच्चों की स्थिति, पोषण संबंधी गतिविधियों तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों के संचालन की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने टीबी मुक्त भारत अभियान, एनीमिया नियंत्रण कार्यक्रम एवं दस्तक अभियान की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने तथा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

## जनकल्याण शिविरों में नरसिंहपुर जिले ने रचा कीर्तिमान



**नवभारत,नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत नरसिंहपुर जिले में 12 जून से 17 जून तक आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविरों ने सेवा, सुशासन और जनसंतुष्टि का नया आयाम स्थापित किया। कलेक्टर रजनी सिंह के नेतृत्व में जिले के सभी 6 जनपद मुख्यालयों एवं 8 नगर पालिका/ नगर परिषद मुख्यालयों पर आयोजित शिविरों में विभिन्न विभागों की योजनाओं को एक मंच पर लाकर आमजन को लाभान्वित किया गया। शिविरों के दौरान विभागों द्वारा योजनाओं की आकर्षक प्रदर्शनियां लगाई गईं तथा हितग्राहियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही लाभ वितरण भी किया गया। जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विशेष गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। शिविरों में 22 विभागों की 106 योजनाओं के कुल एक लाख 48 हजार 152 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से एक लाख 45 हजार 221 आवेदनों का निराकरण एवं स्वीकृति प्रदान की गई।

## बालिका सशक्तिकरण को लेकर दिए महत्वपूर्ण निर्देश

**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा मिशन शक्ति के तहत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, विशेष किशोर पुलिस इकाई के प्रभारी, शासकीय संप्रेक्षण गृह के अधीक्षक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## गमछा से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या की

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिले के गोटेगांव समीप पुलिस चौकी झोतेश्वर अंतर्गत ग्राम मवई निवासी मुकुंद ठाकुर 48 वर्ष उम्र एक व्यक्ति ने अपने ही घर में गमछा से फांसी फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लीद्व झोतेश्वर चौकी में पदस्थ एएसआई सुरेश धुर्वे से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकुंद पिता स्वर्गीय लीला ठाकुर एक डेढ़ साल से लंबी बीमारी परेशान था उसी कारण से अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली द्व वहीं झोतेश्वर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया विवेचना अधिकारी पुलिस चौकी झोतेश्वर में पदस्थ एएसआई सुरेश धुर्वे द्वारा जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## फांसी पर झूलता मिला वृद्ध



**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मनकापुर नदी किनारे एक वृद्ध व्यक्ति की फांसी पर झूलत हुआ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गांव के किसान खेतों में खरीफ मौसम की फसल बुबाई करने के उद्देश्य से गये हुए थे कि नदी किनारे कोहा के वृक्ष पर एक वृद्ध लटका हुआ दिखाई दिया जिसकी जानकारी तत्काल तेंदूखेड़ा पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल ग्रामीणों की सहायता से शव को नीचे उतारा जिसकी हल्के सिंह धानक 64 वर्ष ग्राम बूढ़ा जिला रायसेन के रुप में शिनाख्त की गई। चूंकि शव चार पांच दिन पुराना प्रतीत हो रहा था जो काफी क्षत विक्षत हो चुका था। पंचनामा कर बरमान पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। पुलिस मामले की सूक्ष्मता से जांच में जुटी हुई है।

## मूंग खरीदी आंदोलन को लेकर बनाई रणनीति



**नवभारत,गाडरवारा।** विगत दिवस ग्राम मनकवारा में किसानों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय किसान आर्मी के प्रचारक प्रतीक शर्मा ने किसानों को 27 जून को गाडरवारा में प्रस्तावित 100 प्रतिशत मूंग खरीदी की मांग को लेकर होने वाले आंदोलन की रूपरेखा से अवगत कराया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रतीक शर्मा ने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में आंदोलन में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान तभी संभव है जब किसान संगठित होकर अपनी आवाज बुलंद करें। उन्होंने कहा कि आज किसानों की जमीनों पर बड़े उद्योगपतियों और व्यापारिक घरानों की नजर है, जबकि छोटे एवं मध्यम वर्ग के किसान लगातार संघर्षपूर्ण परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में रासायनिक उर्वरकों की कीमतें लगभग डेढ़ से दो गुना तक बढ़ चुकी हैं। किसान खाद प्राप्त करने, कृषि उपज बेचने, डीजल लेने तथा जले हुए ट्रांसफार्मर बदलवाने जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए लंबी कतारों में खड़े होने को मजबूर हैं। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए आगामी आंदोलन को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर कृषक रूद्रावन कौरव, विशाल पटेल, प्रदीप कौरव, हीरालाल पाली, जगदीश रजक सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

## गायत्री जयंती पर्व पर चार दिवसीय धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन



**नवभारत,गाडरवारा।** स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में गायत्री जयंती पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर साधना, योग और यज्ञ के माध्यम से आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शक्तिपीठ परिसर में प्रज्ञा योग, सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का आयोजन किया गया। योगाचार्य विनोद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में 50 से अधिक भाई-बहनों ने योगाभ्यास किया। दूसरे दिन नाद योग, ध्यान योग और मौन साधना का आयोजन हुआ, जिसमें महिला मंडल की विशेष सहभागिता देखने को मिली। तीसरे दिन सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक 12 घंटे का अखंड गायत्री मंत्र जप आयोजित किया गया। पूर्व पंजीकृत साधकों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लिया। शाम को आयोजित दीपयज्ञ की भव्यता, गायत्री मंत्र जाप, चालीसा पाठ एवं जयघोषों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। दीपयज्ञ का संचालन श्रीमती मनोरमा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। 24 जून को गायत्री जयंती के अवसर पर पांच पारियों में गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 150 से 200 श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां दीं। परिव्राजक मूलचंद पटेल ने पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के प्रेरक संस्मरण सुनाए तथा प्रज्ञा गीतों की प्रस्तुति दी। गायत्री जयंती, पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य महाप्रयाण दिवस एवं गंगा अवतरण दिवस के अवसर पर साधकों ने गायत्री शक्तिपीठ की बाह्य एवं आंतरिक परिक्रमा भी की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर नवगठित ट्रस्ट मंडल के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सदस्यों का प्रज्ञा साहित्य भेंट कर पुष्प तिलक से सम्मान किया गया।

### इन्हें किया सम्मानित

सम्मानित होने वालों में प्रबंध ट्रस्टी मूलचंद शर्मा, सहायक प्रबंध ट्रस्टी सुरेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार कौरव, ट्रस्टी यशपाल राजपूत एवं मनोरमा श्रीवास्तव सहित कई वरिष्ठ सदस्य शामिल रहे। इस अवसर पर गायत्री परिवार द्वारा गायत्री जयंती से गुरु पूर्णिमा तक चलने वाले 40 दिवसीय साधना अभियान में सहभागी बनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का पंजीयन भी किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, साधना और सामाजिक समरसता का प्रेरणादायी संदेश देकर संपन्न हुआ।

**अल्पकालिक निविदा**

कार्यालय पशु प्रजनन कार्यक्रम अधिकारी नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर को कृत्रिम गर्भाधान संबंधित समस्त विभागीय कार्यो एवं पर्यवेक्षण के लिये अनुबंध पर नवीन 1 पैंसेजर सह कार्गो वाहन (यथा बोलेरो कैम्पर, टाटा योद्धा वाहन जैसे) एक वाहन की आवश्यकता है। जो भी व्यक्ति/एंजेसी अनुबंध कराते हुये वाहन उपलब्ध कराना चाहते है वे अपनी निविदा दिनांक 10/07/2026 समय 12:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करें। प्राप्त निविदा को खोलने की कार्यवाही दिनांक 10/07/2026 सायं 04:00 बजे गठित -. समिति के समक्ष संपन्न की जावेगी। निविदा प्रपत्र तथा शर्ते कार्यालयीन समय पर कार्यालय उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग नरसिंहपुर केन्द्रीय विद्यालय के पास नरसिंहपुर मे प्राप्त की जा सकती है। सम्पर्क:- मो०न०, 9826104313

**उपसंचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग नरसिंहपुर**